मेरे श्याम पे मुझको विश्वास है भजन लिरिक्स

मेरे श्याम पे मुझको विश्वास है,
रिश्ता मेरा इनसे कुछ ख़ास है,
झूठे जहाँ में अब हमें,
बस इन्ही से आस है,
मेरे श्याम पे मुझकों विश्वास है।bd।

mere shyam pe mujhko vishwas hai

तर्ज – आवाज दो हमको।

देखे – विश्वास जरुरी है।

मेरा हाथ रखता है ये हाथ में,
मेरी लाज रखता है हर बात में,
चलता है ये साथ में,
दिन में भी और रात में,
मेरे श्याम पे मुझकों विश्वास है।bd।

प्रभु प्रेम का मुझपे चढ़ा रंग है,
मुझे देख कर दुनिया अब दंग है,
अब ना कोई चिंता फिकर,
हर घडी ये संग है,
मेरे श्याम पे मुझकों विश्वास है।bd।

सोचा नहीं था जो वो सब मिला,
जीवन के उपवन में हर फूल खिला,
किस्मत से भी अब तो 'मोहित',
ना कोई शिकवा गिला,
मेरे श्याम पे मुझकों विश्वास है।bd।

मेरे श्याम पे मुझको विश्वास है,
रिश्ता मेरा इनसे कुछ ख़ास है,
झूठे जहाँ में अब हमें,
बस इन्ही से आस है,
मेरे श्याम पे मुझकों विश्वास है।bd।

Singer – Reshmi Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com